FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना उत्तर दिनांक 21-01-25 जनपद फिरोजाबाद ।

- **थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए बसों में बैठे यात्रियों के कीमती सामानों की चोरी करने की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर हिस्ट्रीशीटर को चोरी के 06 मोबाइल (कीमत लगभग 02 लाख 10 हजार रुपये) व 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित किया गया गिरफ्तार ।**
- **शातिर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त संजय उर्फ पीपी के विरुद्ध पंजीकृत है आधा दर्जन से अधिक अभियोग ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग व गिरफ्तारी वाँछित अभियुक्तगण एवं चोरी की घटनाओं को रोकने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कड़ी मेहनत लगनशीलता एवं पतारसी सुरागरसी बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों के कीमती सामान (मोबाइल, बैग, पर्स आदि) को चोरी करने की घटना को अंजाम देने वाले के 01 शातिर चोर हिस्ट्रीशीटर संजय उर्फ पीपी पुत्र उजागर लाल निवासी ग्राम नगला बरी थाना छिवरामऊ जिला कन्नौज उम्र करीब 37 वर्ष को दिनांक 21.01.2025 को गोमती नगर से गिरफ्तार किया गया है । अभियुक्तगण के कब्जे से बरामद 02 चोरी के मोबाइल (एप्पल I-phone) के सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0स0-840/2024 धारा 303(2) बीएनस पंजीकृत है व अन्य मोबाइल के सम्बन्ध में मु0अ0स0 -39/2025 धारा 35/106 बीएनएसएस, 303(2)/317(2)/317(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद पंजीकृत किया गया है। गिरफ्ताशुदा अभियुक्त को सम्बन्धित मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण ....

उपरोक्त अभियुक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि साहब मै बसों में बैठकर जाता हूँ। जैसे ही यात्री सो जाते में उनके बैग, मोबाइल एवं जो भी सामान मिलता है उसे चोरी कर लेता हूँ। ये वही दो एप्पल मोबाइल फोन, दो चार्जर और ईयर बड्स हैं जो मैंने एक सवारी से बस में दिल्ली से आ रहे एक व्यक्ति के सो जाने पर चोरी किये थे व अन्य 04 मोबाईल मैंने अलग अलग जगह से चोरी किये थे तथा उक्त सामान में एक छोटा लेपटाप भी था जो कि हड़बड़ाहट में गिर टूट गया था जिसे मैने चलती बस से रात के अंधेरे में कहीं सुनसान जगह पर फेंक दिया था, कहाँ फेंका था ये मुझे नहीं पता । बैग में जो रुपये थे मैने खर्च कर लिये । मैं चोरी किये गये मोबाइलो को रास्ते चलते लोगो को सस्ते दामों में बेच देता हूँ, जिनसे मिले पैसो को अपने शोक व मौज में खर्च कर देता हूँ। आज मैं इन सभी मोबाइलो का सौदा करके बेचने के लिये आया था कि आप लोगो ने मुझे पकड लिया ।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर 5A (थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज)

1. संजय उर्फ पीपी पुत्र उजागर लाल निवासी ग्राम नगला बरी थाना छिवरामऊ जिला कन्नौज।

आपराधिक इतिहास -

1. मु0अ0स0-840/2024 धारा 303(2) बीएनस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0स0 -39/2025 धारा 35/106 बीएनएसएस, 303(2)/317(2)/317(5) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना उत्तर जनपद।
3. मु0अ0सं0 554/2019 धारा 457/380/411 भादवि थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज।
4. मु0अ0सं0 558/2019 धारा 328/379/411 भादवि थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज।
5. मु0अ0सं0 571/2019 धारा 21/22 एनडीपीएस एक्ट थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज।
6. मु0अ0सं0 572/2019 धारा 411/413 भादवि थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज।
7. मु0अ0सं0 639/2020 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज।
8. मु0अ0सं0 801/2019 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज।

बरामदगी का विवरण -

01. एक मोबाइल एप्पल आईफोन रंग नीला
02. एक मोबाइल एप्पल आईफोन का फोन रंग सफेद
03. एक मोबाइल वीवो का रंग हल्का जामुनी
04. एक मोबाइल टेक्नो पोवा का रंग नीला
05. एक मोबाइल फोन ओप्पो का रंग आसमानी
06. एक मोबाइल फोन ओप्पो का रंग काला
07.एक तमंचा 315 बोर
08.एक जिन्दा कारतूस 315 बोर
09. दो चार्जर एप्पल कम्पनी के
10. दो ईयर बर्डस एप्पल कम्पनी के

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजेश कुमार पाण्डेय थाना उत्तर थाना फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 गौरव वर्मा चौकी प्रभारी आगरा गेट थाना उत्तर थाना फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 बनवारी लाल थाना उत्तर थाना फिरोजाबाद।
4. है०का० 200 अशोक कुमार, थाना उत्तर थाना फिरोजाबाद।
5. है0का0 722 अजीत सिंह, थाना उत्तर थाना फिरोजाबाद।
6. है0का0807 नीलेश कुमार थाना उत्तर थाना फिरोजाबाद।